राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक : 19.10.2015

आयोग द्वारा **राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रा.) पुनः परीक्षा, 2013 दिनांक 31.10.2015 (शनिवार)** को राजस्थान के समस्त जिला मुख्यालयों पर एक सत्र में प्रातः 10.00 बजे से 01.00 बजे तक तक आयोजित की जा रही है।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के वेबपोर्टल https://rpsconline.rajasthan.gov.in से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर, एक फोटो एवं कोई फोटो पहचान–पत्र अवश्य लेकर अपने परीक्षा केन्द्र पर **परीक्षा समय से एक घण्टा पूर्व** उपस्थित होवें।

अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर नाम, पिता का नाम, जन्म दिनांक एवं वर्ग (Category) चैक कर लेवें यदि उनमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना है तो परीक्षा दिनांक तक प्रार्थना पत्र के साथ रू. 300/– का पोस्टल ऑर्डर संलग्न कर आयोग कार्यालय को प्रेषित करें। परीक्षा दिनांक पश्चात संशोधन संबंधी किसी भी प्रार्थना पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर रिस्ट वॉच/मोबाईल/अन्य इलेक्ट्रोनिक सामग्री लेकर उपस्थित नहीं होवें। इस बाबत प्रवेश पत्र के साथ अभ्यर्थियों के लिये दिशा निर्देश जारी किये गये हैं, जिनकी पालना आवश्यक होगी।

(भगवत सिंह राठौड़)
सचिव